भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

* * *

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1881

(दिनांक 22.12.2022 को उत्तर के लिए)

दूसरी एआरसी रिपोर्ट, 2006 का कार्यान्वयन

1881. श्री एस. निरंजन रेड्डी :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग (एआरसी) की वर्ष 2006 की रिपोर्ट के सुझाव के अनुसार सीआईसी के चार क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित करने की मंशा रखती है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने सुधार आयोगों द्वारा दिए गए सुझाव के अनुसार मुख्य सूचना आयुक्त की अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय समन्वय समिति की स्थापना की है या इसे स्थापित करने की योजना है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार आयोग द्वारा की गई सिफारिश के अनुसार शासकीय गुप्त बात अधिनियम को निरस्त करने पर विचार कर रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) और (ख) : ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग) : जी, नहीं।

*****